दिव्याशा केंद्र दिव्यांगजनों के आत्मबल, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया अध्याय : बिरला

- एमबीएस अस्पताल परिसर में लोकसभा अध्यक्ष ने केंद्र का उद्घाटन किया
- 15 करोड़ की लागत से कोटा में दिव्यांगजन पार्क की घोषणा

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कोटा के एमबीएस अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र दिव्यांगजनों के आत्मबल, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगा। यह केवल उपकरण वितरण का केंद्र नहीं, बल्कि उनके लिए आत्मसम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग तक विकास और अधिकार की पहुंच सुनिश्चित करने की सोच का सशक्त उदाहरण हैं।



कोटा के एमबीएस अस्पताल में दिव्यांश केन्द्र का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा किया गया है।

समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि आज देशभर में दिव्यांगजन आत्मबल के साथ अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं। उन्होंने साझा किया कि उन्होंने स्वयं देखा है कि कैसे दिव्यांगजन मोटरसाइकिल से कुल्फी, कपड़े आदि बेचते हुए आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन ने समाज की सोच को भी बदला है।

बिरला ने कहा कि यह केन्द्र प्रधानमंत्री मोदी की उस संवेदनशील सोच का सजीव उदाहरण है, जिसमें हर नागरिक, विशेषकर हमारे दिव्यांगजन और वरिष्ठजन, गरिमा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जी सकते हैं। पीएम द्वारा 'विकलांग' के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द को अपनाना केवल भाषाई परिवर्तन नहीं, बल्कि दृष्टिकोण में बदलाव की एक अनूठी पहल है। दिव्याशा केन्द्र की मानवीय और पुनीत पहल के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।

बिरला ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित व्यक्ति को मुख्यमंत्री इलेक्ट्रिक व्हील चेयर योजना के तहत ऑटोमेटेड मोटरसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्णय को लेकर कहा कि इससे दिव्यांगजनों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा।

प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र में दिव्यांगजनों को दंत प्रत्यारोपण, दृष्टि सुधारक चश्मे, कृत्रिम अंग, कमर व गर्दन के पट्टे, सहायक छड़ियां और अन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। विशेष रूप से डिजाईन की गई ऐसी छड़ी भी दी जाएगी जो अंधेरे में सामने व्यक्ति की मौजूदगी का संकेत देती है। यह सभी उपकरण दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुलभ और सक्रिय बनाएंगे।

बिरला ने घोषणा की कि कोटा में 15 करोड़ की लागत से एक आधुनिक दिव्यांगजन पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसमें योग केंद्र, व्यायाम स्थल, पुस्तकालय और रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं होंगी, जहां दिव्यांगजन स्वतंत्र रूप से समय व्यतीत कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल शारीरिक सुविधा देगा, बल्कि आत्मबल और आत्मविश्वास को भी मज़बूती देगा।

एलिम्को कानपुर के मार्केटिंग मैनेजर हरीश कुमार ने बताया कि यह राजस्थान का तीसरा प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र है जिसमें 16 प्रकार के उपकरण वरिष्ठजनों की सहायतार्थ एवं 16 प्रकार के उपकरण दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध हैं। जरूरतमंद पात्रजन सीधे ही केंद्र में आकर जरूरी दस्तावेज दिखाकर सहायता उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। स्पीकर बिरला ने कार्यक्रम में 127 वरिष्ठजनों को व 99 दिव्यांगजनों को उपकरण भेंट किए। इसमें मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, स्मार्ट स्टिक, श्रवण यंत्र, गले का पट्टा, कृत्रिम अंग, वॉकर, छड़ी एवं अन्य उपकरण शामिल है।

इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया, एलिम्को आरएमसी जयपुर के उप प्रबंधक एवं प्रभारी हरीश कक्कड़, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ.संगीता सक्सेना, महाराव भीम सिंह चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ.धर्मराज मीणा सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं वरिष्ठ चिकित्सक, गणमान्य जन उपस्थित रहे।

स्पीकर बिरला ने जिले की आशा सहयोगिनियों से संवाद किया

कोटा, (निसं)। स्वस्थ भारत की आशा' संवाद कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आशा सहयोगिनियों को देश के स्वास्थ्य तंत्र की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि जब देश संकट में होता है और लोग पीछे हटते हैं, तब आशा बहनें नि:स्वार्थ भाव से सेवा में जुट जाती हैं।

उन्होंने कहा कि यदि आज भारत के सुदूर गांवों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं, तो उसका सबसे बड़ा श्रेय इन आशा कार्यकर्ताओं को जाता है, जो हर गर्भवती महिला, नवजात शिशु और जरूरतमंद व्यक्ति के लिए दिन-रात समर्पण भाव से कार्य कर रही हैं। गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के सहयोग से प्रॉमिसिंग इंडियन सोसायटी की ओर से यूआईटी ऑडियोरियम में आयोजित कार्यक्रम में बिरला ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब अधिकांश लोग अपने घरों से बाहर निकलने से हिचकिचा रहे थे।

उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को संस्कारित, स्वाभिमानी और स्वस्थ बनाने में इन बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिरला ने कहा कि आशा बहनों की संवेदनशीलता, आत्मबल और समाज के प्रति समर्पण ही उन्हें विशेष बनाता है। उन्होंने कहा कि आज का यह संवाद कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक नहीं, बल्कि एक संकल्प है कि कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र का हर नागरिक स्वस्थ हो, हर गर्भवती मां और उसका बच्चा सुरक्षित हो, और समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मान से जीवन जी सकें।

चंबल गार्डन में पेड़ों पर परिंडे बांधे

कोटा, (निसं)। राजस्थान उपभोक्ता संरक्षण समिति की ओर से भीषण गर्मियों में पक्षियों को पानी और दाना उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान उपभोक्ता समिति ने अभियान चलाया गया। राजस्थान उपभोक्ता समिति की संरक्षक पार्षद सलीना शेरी ने बताया कि चंबल गार्डन में परिसर में पेड़ों पर परिंडे बांधे गए। इसका उद्देश्य पक्षियों को भीषण गर्मी में जीवित रखना है। चंबल गार्डन में परिंडे 51 परिंडे बांधे गए और परिंडे पात्र वितरित किए पार्षद सलीना शेरी ने अपील की बेजुबान पक्षियों के लिए पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर भोजन और पानी रखे। यह अभियान पक्षियों को गर्मी में प्यास और भूख से बचाने का है।पेड़ों पर पक्षियों के लिए मिट्टी के परिंडे का उपयोग करें, क्योंकि ये पानी को ठंडा रखते हैं।

आईआईएफएल होम फाइनांस लिमिटेड
आईआईएफएल हाउस, सन इन्फोटेक पार्क, रोड नं.16वी, प्लॉट नं. बी-23, एमआईडीसी ठाणे इंडस्ट्रियल एरिया, वागले एस्टेट, ठाणे-400604
CIN No.: U65993MH2006PLC166475
IIFL HOME LOAN

इस सूचना के माध्यम से, आम जनता और आईआईएफएल होम फायनांस लिमिटेड के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि पहली मंजिल, बाजरा नं. 1, जैन मंदिर के पास, रामगंज मंडी, राजस्थान - 326519 स्थित आईआईएफएल होम लोन शाखा को **20 अगस्त, 2025** से नए पते यानी महेश्वरी ट्रेडर्स के ऊपर, मोटर गैरेज चौक, झालावाड़, राजस्थान - 326001 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा।
सभी ग्राहकों और आम जनता से निवेदन है कि उपर्युक्त सूचना को ध्यान में रखते हुए अपनी निकटतम अन्य आईआईएफएल होम लोन शाखाओं का पता लगाने के लिए iiflhomeloans.com/locate-us पर विज़िट करें।

'भारत ने ही शुन्य एवं दशमलव का ज्ञान दिया'

छबड़ा (निसं)। बजरंग दल चित्तौड़ प्रांत का प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के चौथे दिन के बौद्धिक सत्र में प्रांत अध्यक्ष प्रताप सिंह नागदा, प्रांत संयोजक योगेश रेनवाल मंचासिन रहे। बौद्धिक सत्र का प्रारंभ अतिथियों ने रामदरबार के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिला प्रचार प्रसार प्रमुख कैलाश सुमन ने बताया कि प्रांत अध्यक्ष नागदा ने शौर्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बगरंग दल के कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत ने ही शुन्य एवं दशमलव का ज्ञान दिया है। भारत ने दुनिया को एक परिवार का सन्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि देवताओ ने भी जन्म लेने के लिए पुण्य भुमि भारत को ही चुना था। सनातन धर्म में ही ब्रह्मचर्य का पालन करना सिखाया है, जो व्यकि जितना ब्रह्मचर्य का पालन करता है। वह और अधिक विद्वान बन जाता है, सनतान संस्कति में ही एक नारी ब्रह्मचारी का नियम है।

कोटा में टेनिस लीग का उत्साह

कोटा, (निसं)। राजस्थान टेनिस संघ एवं जिला टेनिस संघ के संयुक्त तत्वाधान में 18 मई से 25 मई तक आयोजित हो रहे कोटा टेनिस प्रीमियर लीग का उद्घाटन समारोह रिद्धि-सिद्धि टेनिस अकादमी श्रीनाथपुरम स्टेडियम में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजेश माहेश्वरी फाउंडर एलन करियर इंस्टीट्यूड प्राईवेट लिमिटेड एवं अतिथि के रूप में डॉक्टर अमित देव न्यूरोलॉजिस्ट (कोटा हार्ट हॉस्पिटल) ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रारंभ किया। जिला टेनिस संघ के सचिव अनिल आनंद ने अतिथियों को माला व साफा पहनाकर उनका आभार प्रकट किया। अतिथियों के स्वागत में डॉ. विपिन योग, प्रवीण भंडारी, अक्षय चौधरी, पकंज गौड, राधेश्याम, डॉ शैलेन्द्र बिरला, मनोज विजयवर्गीय, हितेश शर्मा, रोहित गौतम, मीनू बिरला, इत्यादि ने अथितियों का स्वागत किया। साथ ही खिलाड़ियों के परिचय के दौरान प्रतियोगिता में दी जाने वाली पुरस्कार ट्रॉफी का विमोचन भी उनके द्वारा किया गया।

कोटा में आयोजित हो रही टेनिस प्रतियोगिता उत्साह से भाग ले रहे हैं।

इस मौके पर खेल प्रेमी व समाजसेवी मनोज शर्मा भी उपस्थित थे। मैच रैफरी अमृतेश कुमार ने प्रतियोगिता का विवरण प्रस्तुत किया। खिलाड़ियों को उद्घाटन समारोह में खेल भावना की शपथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा दिलवाई गई। उद्घाटन समारोह में अतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रही। मुख्य अतिथि राजेश माहेश्वरी ने खिलाड़ियों को खेल का महत्व पढ़ाई के इस माहौल में किस प्रकार उपलब्धि हासिल करवाता है इससे अवगत कर हौसला अफजाई कि एवं डॉक्टर अमित देव ने अपने जीवन में असफलता को सफलता में किस प्रकार बदला जा सकता है। इसके बारे में खिलाड़ियों को खेल का महत्व से जोड़कर अवगत करवाया।

नाम परिवर्तन

मैंने मेरा पूर्व का नाम युधिष्ठिर कुमार से बदलकर ओमप्रकाश गौतम रख लिया है। भविष्य में मुझे ओमप्रकाश गौतम के नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-ओमप्रकाश गौतम, पाईका विद्यालय के सामने, सूरजपोल, कोटा

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेश कुमार जोशी पुत्र श्री धूलीलाल निवासी म.नं. 349 मेनरोड, कैथूनीपोल सराय का स्थान कोटा शहर, कोटा का पुत्र शुभम जोशी पुत्र राजेश कुमार जोशी निवासी म.नं. 23/241 लाल भैरूपाडा कैथूनीपोल लाडपुरा कोटा शहर कोटा है जो किसी भी प्रकार से मेरे पक्षकार व उसके परिवारवालों के बिल्कुल भी कहने में नहीं है और परिवार में न्यूसेन्स उत्पन्न कर मनमर्जी करता है चूंकि मेरा पक्षकार एक सभ्रान्त परिवार का सीनियर सिटीजन व बुजुर्ग व्यक्ति है और शुभम जोशी द्वारा अपने दायित्व एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन नहीं करने के तथा अपनी जिम्मेदारियों एवं परिवार के प्रति उसका व्यवहार उचित नहीं होने के कारण मेरा पक्षकार अपने शुभम जोशी को अपनी संपूर्ण चल-अचल सम्पत्ति एवं निजी जीवन से सदैव के लिये बेखदल करता है अब मेरे पक्षकार के पुत्र का भविष्य में मेरे पक्षकार से कोई संबंध नही है। सूचित हो।
भवदीय
पंकज मेरोठा, एडवोकेट
मो. 8005843534

हत्या के मामले में दो आरोपी डिटेन

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण के कनवास क्षेत्र में कुर्सी विवाद में हुए संदीप हत्याकांड का मामला सुलझ गया है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर की मौजूदगी में प्रशासन और मृतक के परिजनों के बीच समझौता हो गया। विप्र फाउंडेशन कोटा देहात के जिला अध्यक्ष विकास तिवारी ने बताया कि परिजनों की मांगें लिखित में मान ली गई हैं। ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि हत्या के दो आरोपियों को विशेष पुलिस टीम ने डिटेन कर लिया है। प्रशासन ने मुख्य आरोपी अतीक के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की है। साथ ही आश्वासन दिया है कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उसके अवैध धंधों को बंद करवाया जाएगा। समझौते के बाद मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया गया और कनवास कस्बे में बंद की गई सड़कें खोल दी गईं। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों पर कोई पुलिस मुकदमा न करने का भी आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि कुर्सी पर बैठने के विवाद में चाकूबाजी की घटना में संदीप शर्मा की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

हितार्थ शर्मा, उर्विल मौर्य, घ्रिताक्षी लालवानी, हृदय गुप्ता चैम्पियन बने

कोटा, (निसं)। जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित जिला अंडर-7, 9, 11 शतरंज प्रतियोगिता 18 मई को एरोड्राम सर्किल, कोटा में स्थित सभागार में आयोजित की गई। कोटा जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रेम भाटिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्विस पद्धति के आधार पर खेली गई। मुख्य अतिथि अशोक माहेश्वरी महासचिव, कोटा व्यापार महासंघ कोटा द्वारा विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं विशिष्ट अतिथि बबलु शर्मा सचिव, (ब्राह्मण महासभा कोटा) द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किये गये।

अण्डर-7 (ओपन वर्ग) में प्रथम स्थान हृदय गुप्ता, द्वितीय स्थान रियांश अग्रवाल, अण्डर-9 (ओपन वर्ग) में प्रथम स्थान उर्विल मौर्य, द्वितीय स्थान घृताक्षी लालवानी, तृतीय स्थान नेहान शर्मा, ने प्राप्त किया, अण्डर-9 (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान घृताक्षी लालवानी, द्वितीय स्थान लक्ष्या कटारिया ने प्राप्त किया। अण्डर-11 (ओपन वर्ग) में प्रथम स्थान हितार्थ शर्मा, द्वितीय स्थान गर्वित अजमेरा, तृतीय स्थान घृताक्षी लालवानी, ने प्राप्त किया। अण्डर-11 (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान घृताक्षी लालवानी, द्वितीय स्थान प्रियांशी लक्ष्यकार, तृतीय स्थान काशवी बिनायका ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के संचालक मुकेश मंडलोई व संचालन ईश्वर शर्मा ने किया, मोहम्मद कासिम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग में प्रथम दो स्थानों पर रहे विजेता खिलाड़ी उदयपुर में होने वाली राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में कोटा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कोटा जिला अण्डर-7, 9, 11 ओपन व बालिका वर्ग शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया है।

कोटा विश्वविद्यालय के पदोन्नत कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया

कोटा, (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय में सोमवार को विश्वविद्यालय के नव-पदोन्नत कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए कुलपति सचिवालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। कर्मचारी संघ अध्यक्ष हरीश नागर ने बताया कि पिछले वर्ष अगस्त माह में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आदेश जारी कर मंत्रालयिक संवर्ग के 26 कर्मचारियों को पदोन्नत किया था। उसके बाद आज दिनांक तक भी वेतन निर्धारण के आदेश जारी नहीं किए है और ना ही उन आदेश को प्रत्याहारित किया है। प्रशासन द्वारा भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। कर्मचारी नेता चमन तिवारी ने बताया कि मंत्रालयिक संवर्ग के विश्वविद्यालय कार्मिकों हेतु राज्य सरकार ने पदों का पुनर्गठन करने के आदेश दिए थे जिस पर राज्य सरकार की मंशानुरूप विश्वविद्यालय प्रशासन ने पदोन्नति की थी। जिसके आदेशों को प्रबंध मंडल में अनुमोदित किया जाना था।

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/289 **विज्ञप्ति** दिनांक:-19.5.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रंगबाडी में स्थित कृषि भूमि योजना कृष्णा नगर खसरा नं. 41 में स्थित भूखंड संख्या 2 क्षेत्रफल 130.10 वर्गगज आवेदक/आवेदिका श्री सिद्धार्थ विजय पुत्र स्व. श्री बी.डी. विजय निवासी फर्स्ट फ्लोर बी-82 विजयदीप सुभाष कालोनी खेडली फाटक कोटा राज. नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 5397 दिनांक 21.06.2008 को श्री बी.डी. विजय पुत्र श्री रामगोपाल विजय के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी बी.डी. विजय की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 27.08.2024 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी शोभा रानी विजय, पुत्री स्वाती विजयवर्गीय, सिद्धार्थ विजय है। वारिसान शोभा रानी विजय, स्वाती विजयवर्गीय द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 28.10.2024 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री सिद्धार्थ विजय पुत्र स्व. श्री बी.डी. विजय के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/273 **विज्ञप्ति** दिनांक:-16.5.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना आदर्श नगर खसरा नं. 251 में स्थित भूखंड संख्या 10 आवेदक/आवेदिका श्रीमती वंदना सक्सेना पत्नी स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार सक्सेना निवासी 15 महावीर मिशन हॉस्पिटल के पास आदर्श नगर कुन्हाडी बून्दी रोड कोटा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 284 दिनांक 20.07.2017 को श्री वीरेन्द्र कुमार सक्सेना पुत्र श्री सुन्दर लाल सक्सेना के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 19.04.2021 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी वंदना सक्सेना, पुत्र एकांश रायजादा है। वारिसान एकांश रायजादा द्वारा जर्ये रजि. रिलीज डीड दिनांक 29.08.2024 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती वंदना सक्सेना पत्नी स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार सक्सेना के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/272 **विज्ञप्ति** दिनांक:-16.5.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना आदर्श नगर खसरा नं. 251 में स्थित भूखंड संख्या 15 आवेदक/आवेदिका श्रीमती वंदना सक्सेना पत्नी स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार सक्सेना निवासी 15 महावीर मिशन हॉस्पिटल के पास आदर्श नगर कुन्हाडी बून्दी रोड कोटा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 283 दिनांक 20.07.2017 को श्री वीरेन्द्र कुमार सक्सेना पुत्र श्री सुन्दर लाल सक्सेना के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 19.04.2021 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी वंदना सक्सेना, पुत्र एकांश रायजादा है। वारिसान एकांश रायजादा द्वारा जर्ये रजि. रिलीज डीड दिनांक 29.08.2024 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती वंदना सक्सेना पत्नी स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार सक्सेना के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिको/को.उ./राजस्व/2025/53-54 दिनांक:-19.5.25

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचित किया जाता है कि श्री अजय खत्री श्री ज्ञानेन्द्र कुमार खत्री निवासी म.नं. 659 प्रताप नगर दादाबाड़ी कोटा द्वारा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार होटल द मैबल, देवली अरब रोड, नयानोहरा कोटा की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।
उपायुक्त नगर निगम कोटा (उत्तर)

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/ विक्रय/2025/36 दिनांक:- 19.5.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय आवास संख्या 1212 का आवंटन क्रमांक 583 दिनांक 30.04.1997 को श्री मोहन लाल जैन पुत्र श्री गोपीलाल जैन के नाम आवंटन किया गया था। श्री मोहन लाल जैन की मृत्यु दिनांक 14.09.2020 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री मोहन लाल जैन पुत्र श्री गोपीलाल जैन के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयती गवाहो के शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्री महेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री मोहन लाल जैन द्वारा उक्त आवास संख्या 1212 श्रीरामकृष्णपुरम-ए अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 1212 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ए का नामहस्तान्तरण श्री महेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री मोहन लाल जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/1684 दिनांक:- 15.5.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. श्री हरि शंकर शर्मा निवासी भूखण्ड संख्या 456 महावीर नगर द्वितीय, कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 13 महावीर नगर प्रथम कोटा क्षेत्रफल 57.61 वर्ग मीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 13 महावीर नगर प्रथम कोटा क्षेत्रफल 57.61 वर्ग मीटर की रजिस्ट्री कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 202 दिनांक 10.01.1997 से श्री हरि शंकर शर्मा पुत्र श्री मोती लाल शर्मा के नाम करवाई गई। श्री हरि शंकर शर्मा ने जर्ये नोटेरी वसीयत नामा तहरीर तारीख 08.11.2021 से उक्त भूखण्ड की वसीयत श्रीमती सुशीला देवी पुत्री रतन लाल शर्मा पत्नी श्री हरि शंकर शर्मा के नाम कर दी। श्री हरि शंकर शर्मा का देहावसान दिनांक 16.01.2022 को हो जाने के उपरान्त आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

पूर्व मंत्री धारीवाल ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया

- पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने लोगों की समस्याएं सुनी, समाधान का आश्वासन दिया

कोटा, (निसं)। कांग्रेस के समय कोटा में अभूतपूर्व विकास कार्यों की सौगात मिली है, कई कार्य तो ऐसे हैं जो आमजन के लिए वरदान बन गए हैं। वार्ड 54 के वार्ड पार्षद अमर शर्मा ने बताया कि पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने रामपुरा क्षेत्र का दौरा किया और कांग्रेस के समय कराए गए विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और जो समस्याएं उनके स्तर पर दूर की जा सकती हैं, उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रामपुरा क्षेत्र स्थित मुक्तिधाम में विद्युत या गैस से संचालित शवदाह गृह स्थापित किए जाने की मांग की। इस पर धारीवाल ने आश्वस्त किया कि इस संदर्भ में अधिकारियों से बात की जाएगी और आवश्यकता हुई तो विधायक कोष से इसे बनाने का प्रयास किया जाएगा। धारीवाल ने हनुमान मंदिर, भैंरूजी का मंदिर के दर्शन किए और प्रदेश में खुशहाली की कामना की। उनके समय में कब्रिस्तान का निरीक्षण किया गया, मुक्तिधाम को देखा गया साथ ही अखाडा परिसर में जाकर वहां का भी जायजा लिया।

धारीवाल ने इस दौरान आमजन को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता उनके साथ है और जो भी समस्याएं आ रही है, उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। वार्ड पार्षद अमर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के समय अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जिससे जनता आज तक लाभांवित हो रही है। धारीवाल को वार्ड की कई समस्याओं से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर शिवकांत नंदवाना, सोनू कुरेशी, राधेश्याम वर्मा, प्रदीप मालवीय, चंदू गुप्ता, शाहिद मिर्जा और वार्ड के कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

कोटा उत्तर के विधायक शान्ति धारीवाल ने पूर्व के विकास कार्यो का निरीक्षण किया है।

शिक्षा संबल योजना के आवेदन शुरू

कोटा, (निसं)। शिक्षा संबल योजना की वर्ष 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के दूसरे वर्ष नीट-2026 के लिए पोस्टर का विमोचन एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संकल्प कैम्पस में किया गया। एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी मौजूद रहे। योजना के बारे में जानकारी देते हुए न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि देश के 7 हिन्दी भाषी राज्यों के सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को नीट-2026 की तैयारी के लिए निशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन सुविधा के लिए योजना का दूसरे वर्ष है।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक:-261 **जाहिर आम सूचना** दिनांक:- 5.5.25

भूखण्ड संख्या 16 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री विनोद कुमार जैन पुत्र श्री अमोलक चन्द्र जैन को किया गया था। इस भूखण्ड का पंजीयन श्री विनोद कुमार जैन पुत्र श